दिन–गुरूवार दिनांक– 30/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 6.35 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन एक फरवरी को लोकसभा में पेश करेंगी आम बजट।

02. प्रयागराज महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मेला क्षेत्र को चार फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया।

03. सासाराम के सांसद मनोज राम पर कैमूर के कुदरा प्रखंड के नाथुपुर में विवाद के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला। सांसद और उनके दो सहयोगी गंभीर रूप से घायल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में कमी से लोगों को राहत। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले चार दिनों में ठंड में होगी और कमी।

————————————————————————————

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन एक फरवरी को लोकसभा में वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट प्रस्तुत करेंगी। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

बजट सत्र की शुरूआत शुक्रवार को संसद की दोनों सदनों की एक साथ होने वाली बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ होगी। उसी दिन केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं शनिवार को वित्त मंत्री वर्ष 2025–26 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी, जबकि सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा जो 4 अप्रैल तक चलेगा। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

————————————————————————————

बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा तथा समाजवादी पार्टी, राजद, जदयू और अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने

कहा कि सभी दलों ने संसद की कार्यवाही के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सहमति दिखाई है।

———बाइट———

————————————————————————————————————————

सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति ने आज संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इससे पूर्व समिति ने विधेयक से संबंधित चौदह खण्डों के संशोधन को कल स्वीकृति दी थी। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया है कि पिछले छह महीने में इस विधेयक पर व्यापक विचार–विमर्श हुआ।

———बाइट———

छह महीने के सारे डिटेल डिस्कशन्स के बाद सभी सदस्यों से हमने संशोधन मांगे थे, ये हमारी अंतिम बैठक थी, उस 44 संशोधन पर आप इस पर सहमत हैं या इस पर असहमत हैं, तो सभी सदस्यों के द्वारा चाहे किसी पक्ष के हों उन लोगों ने अपने संशोधन दिए थे। इसमें चौदह संशोधनों में संशोधन स्वीकार हुआ है।

————————————————————————————————————————

और, अब खबरें महाकुंभ से–

———म्यूजिक———

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को चार फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात प्रबंध और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लिया गया है। आकाशवाणी से बातचीत में यातायात को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक अंशुमन मिश्रा ने बताया कि मेला क्षेत्र में केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहन को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

———बाइट———

इस स्थिति में सीमित परमिसिबल वाहन जिनको परमिट दिया जा रहा है, जो हमारी विशेष सेवाओं में लगे हैं, इसके अतिरिक्त वाहनों के बाहर जाने को तो अनुमन्य किया जा रहा है, लेकिन हम मेले में एंट्री लेने के लिए अनुमन्य इनको नहीं किया जा रहा है। कोई दुर्घटना न हो इसके दृष्टिगत ये अभी तत्कालिक निर्णय लिया गया है और जैसे–जैसे हम जल्दी ही इसको क्लीयर करा लेंगे और हम सभी के लिए फ्री मूवमेंट अलाउ करा देंगे।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल संगमघाट की भगदड़ में तीस लोगों की मृत्यु हो जाने के कारण राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किये हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रयागराज पहुंच कर घटना की जांच शुरू कर दी है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक 3 फरवरी को बसंत पंचमी पर होने वाले अगले अमृत स्नान के लिए महाकुंभ की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करेंगे। मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राज्य सरकार ने 2019 कुंभ के दौरान प्रयागराज के मंडलायुक्त रहे आशीष गोयल और इलाहाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष भानु गोस्वामी को नियुक्त किया है। इसके अलावा, मेले की व्यवस्थाओं में सहायता के लिए विशेष सचिव स्तर के पांच अधिकारियों को 12 फरवरी तक प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों की भी तैनाती की जाएगी। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा है कि कल मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात ट्रेनें लगातार चलती रहीं।

–––बाइट–––

महाकुंभ में जो श्रद्धालु भक्तजन आए हैं, उन सबके रेलवे की सर्विसिज के लिए कल करीब 364 ट्रेन्स चली हैं। इवेक्वेशन, कंटीन्यूअसली रातभर पूरी टीम वॉररूम में रही है और लगातार राज्य सरकार के साथ कॉर्डिनेशन करके करीब–करीब 12 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को रेलवे के माध्यम से अपने गन्तव्य स्थान तक पहुंचाया गया है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में बिहार के नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें आठ महिलाएं हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में गोपालगंज की चार, औरंगाबाद की दो तथा मुजफ्फरपुर और पटना की एक–एक महिला शामिल हैं। वहीं, एक अन्य मृतक की पहचान पश्चिम चंपारण के रामनगर निवासी रामेश्वर चौबे के रूप में हुई है। रामेश्वर चौबे का शव आज उनके पैतृक गांव तौलाहा लाया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के शवों को उनके पैतृक गांव भेजा जा रहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथुपुर गांव के पास मुख्य सड़क पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ विवाद के बाद मारपीट में सासाराम के सांसद मनोज राम गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में सांसद के भाई और उनके एक अंगरक्षक को भी गंभीर चोटे लगी है। पुलिस अधीक्षक हरीमोहन शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि स्कूल प्रबंधन, छात्र और स्थानीय लोगों के बीच विवाद के बाद हुई मारपीट में सांसद घायल हो गये। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाये जाने पर आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

———————————————————————————

पटना की एमपीएमएलए कोर्ट ने पूर्व विधायक अनंत सिंह की जमानत याचिका पर फैसला अगली सुनवाई तक टाल दिया है। मोकामा के पंचमहला गांव में गोलीबारी के मामले में आज न्यायालय ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस से केस डायरी की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई केस डायरी मिलने के बाद होगी। गौरतलब है कि गोलीबारी मामले में पूर्व विधायक ने बाढ़ की स्थानीय अदालम में आत्मसर्म्पण कर दिया था।

———————————————————————————

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी सतत्तरवीं पुण्य तिथि पर याद कर रहा है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आज ही के दिन उन्नीस सौ अड़तालीस में महात्मा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। इस अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपिता की समाधि स्थल राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, पटना में गांधी घाट पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकतर भागों में ठंड में कमी हुई है। विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला

जारी रहेगा। वहीं, राज्य के उत्तरी भाग में हिमालय की तराई वाले जिलों में सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में आज मधेपुरा जिले में दो सौ अट्ठासी करोड़ रूपये से अधिक की सैंतीस विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने इस दौरान रसलपुर–धुरीया पंचायत के कलासन गांव में आयोजित कार्यक्रम में जीविका दीदियों और योजनाओं के लाभुकों से संवाद भी किया।

---

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा है कि श्रमिकहितों की रक्षा के लिए वन नेशन, वन लेवर कार्ड लागू किया जाना चाहिए। श्री सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय श्रम रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में वन नेशन, वन लेवर कार्ड की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इससे श्रमिकों को पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

---

नवादा पुलिस ने पचास हजार के ईनामी कुख्यात नक्सली उमेश रविदास को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि पकड़ी बरावां के एसडीपीओ और कौआकोल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में की गयी छापेमारी के दौरान ये सफलता मिली है।

---बाइट---

इधर, बेगूसराय पुलिस ने बिहार एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पचास हजार के ईनामी अपराधी शिवदत्त राय को उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोयडा में परीचौक से गिरफ्तार कर लिया। ये जानकारी पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने दी है।

---

बीपीएएससी अभ्यर्थियों ने पटना के वीरचंद पटेल पथ पर आयकर गोलम्बर के पास सत्तरवीं बीपीएएससी प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

जिसके कारण आस–पास के क्षेत्रा में लंबा जाम लग गया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया।

———————————————————————————

मुंगेर और खगड़िया के बीच गंगा नदी पर बने श्रीकृष्ण सेतु पर निरीक्षण कार्य के कारण कल भी वाहनों का परिचालन विभिन्न अंतराल पर बंद रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एनएचएआई ने मुंगेर और खगड़िया के जिलाधिकारी तथा रेलवे को पत्र लिखकर मेगा ब्लॉक की सूचना दी है। निर्देश के अनुसार कल सुबह आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक और पूर्वाह्न ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक सेतु पर वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

———————————————————————————

अरवल जिले के गांधी मैदान में नेहरू युवा केंद्र की ओर से फीट इंडिया कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय अंतर जिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र में अट्ठाईस जनवरी को हुई हत्याकांड के दो अभियुक्तों ने न्यायालय में सम्पर्ण कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि इन अभियुक्तों को रिमांड मांगी जाएगी।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत घागड़ टोला में पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के दलसिंगसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गद्धों बाजितपुर स्थित ठाकुरबाड़ी से चोरों ने अष्ट धातु की राम, लक्षमण और सीता की मूर्तियां चोरी कर ली। पुलिस एफएसएल टीम की मदद से मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————————

गोपालगंज के प्रभारी मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने आज समारणालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच चेक, जमीन का पर्चा और ट्राईसाइकिल का वितरण किया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. संसद का बजट सत्र कल से हो रहा है शुरू। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन एक फरवरी को लोकसभा में पेश करेंगी आम बजट।

02. प्रयागराज महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मेला क्षेत्र को चार फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया।

03. सासाराम के सांसद मनोज राम पर कैमूर के कुदरा प्रखंड के नाथुपुर में विवाद के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला। सांसद और उनके दो सहयोगी गंभीर रूप से घायल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में कमी से लोगों को राहत। मौसम विभाग का पूर्वानुमान अगले चार दिनों में ठंड में होगी और कमी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।